दैनिक जागरण
21-11-2025

जीएमएन कालेज को मिला ए-प्लस गोल्ड ग्रेड

पुरस्कार के साथ प्राचार्य डा. रोहित दत्त व स्टाफ। • सौजन्य विज्ञप्ति

अंबाला (विज्ञप्ति) : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज को एपेक्स एसडीजी पुरस्कार-2025 में ए-प्लस गोल्ड ग्रेड मिला है। यह पुरस्कार कालेज की ओर से सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजीएस) पर आधारित 22 नवाचारपूर्ण गतिविधियों के सफल संचालन के लिए दिया गया है। कालेज ने पर्यावरण संरक्षण, लैंगिक समानता, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, स्वच्छ ऊर्जा, नवाचार और सामुदायिक सेवा में महत्वपूर्ण योगदान किया। विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी, शिक्षकों की मार्गदर्शक भूमिका और विभिन्न विभागों का समन्वय इस उपलब्धि के मुख्य स्तंभ रहे। इन प्रयासों ने जीएमएन कालेज को राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान दिलाई है। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने इस उपलब्धि के लिए सभी संयोजकों की सराहना की।